जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान–अल्मोड़ा

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, समग्र शिक्षा, प्रवक्ता–2023–24 की आख्या

अपर निदेशक,एस. सी. ई. आर. टी उत्तराखण्ड के पत्रांक शि0 शि0 (मा0)/6143–48/दो ㎜(59) 2023–24 दि0 9 अक्टूबर,2023 के अनुपालन में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण (उच्च मा0) के वर्ष 2023–24 हेतु शिक्षक प्रशिक्षण साहित्य विकास की कार्यशाला 17–21 अक्टूबर 2023 तक प्रादेशिक भारत स्काउट एवं गाइड केन्द्र भोपालपानी देहरादून में आयोजित किया गया। तदुपरान्त, अपर निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0,उत्तराखण्ड के पत्रांक शि0शि0 (मा0) 7139–44/दो ㎜ (59)/2023–24 दि0 29 नवम्बर 2023 के सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण (उ0 मा0) के एम0 टी0 एवं के0 आर0 पी0 प्रशिक्षण हेतु दिसम्बर 2023 द्वितीय सप्ताह में आयोजित किया गया। पुनः आपके कार्यालय के पत्रांक शि0शि0 (मा0) /8087–92/दो ㎜ (59) 2023–24 दि0 05 दिसम्बर 2023 के अनुपालन में दि0 26–30 दिसम्बर 2023 तक भौतिक विज्ञान ,भूगोल,एवं अर्थशास्त्र के0आर0पी0/एम0टी0 प्रशिक्षण एवं दि0 02–06 जनवरी 2024 तक अंग्रेजी, गणित, रसायन का आयोजन राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय,ननूरखेड़ा,देहरादून में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद अल्मोड़ा से भी एस0सी0ई0आर0टी0 से निर्धारित मानकों के अनुरुप चयन कर उक्त एम0टी0 प्रशिक्षण हेतु एस0सी0ई0आर0टी0 भेजा गया। पुनः आपके कार्यालय के पत्रांक शि0शि0 (मा0) 8887–92/दो ㎜ (59)/ 2023–24 दि0 8 जनवरी 2024 के अनुपालन में जनपद अल्मोड़ा के भौतिक विज्ञान ,रसायन विज्ञान एवं भूगोल के प्रवक्ताओं का छः दिवसीय प्रशिक्षण दि0 19–24 जनवरी 2024 तक करवाया गया। जिसमें विषयवार उपस्थिति भौतिक विज्ञान– 27,रसायन विज्ञान– 29, भूगोल–22 प्रवक्ता उपस्थित रहे। एस0सी0ई0आर0टी0 के दिशा निर्देशों के क्रम में परिषदीय परीक्षाओं से पूर्व, सर्वप्रथम प्रयोगात्मक विषयों से सम्बन्धित प्रशिक्षण सम्पादित करवाया गया। उक्त विषयों में एम0टी0 निम्नवत रहे।

1. भौतिक विज्ञान – (1) श्री लवेन्द्र सिंह,प्रवक्ता – रा0ई0का0 देवायल,सल्ट।

2. रसायन विज्ञान– (1) श्री गौरव चन्द्र डालाकोटी,प्रवक्ता– रा0ई0का0 बमनरवाल, धौलादेवी।
   (2) श्री नीरज पन्त,प्रवक्ता– रा0ई0का0 देवीथल, लमगड़ा।

3. भूगोल– (1) श्री ललित भट्ट ,प्रवक्ता– रा0ई0का0 द्वारसों ,द्वाराहाट।

इसी प्रकार दि0 2–6 जनवरी 2024 तक डायट अल्मोड़ा में द्वितीय चरण में अर्थशास्त्र,अंग्रेजी एवं गणित के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न करवाया गया। विषयवार प्रवक्ताओं की उपस्थिति निम्नवत रही। अर्थशास्त्र –37, अंग्रेजी– 34, गणित–31, उपरोक्त तीनों विषयों में एम0टी0 निम्नवत रहे।–

1. अर्थशास्त्र– (1) श्री राकेश खत्री,प्रवक्ता –रा0ई0का0 टोटाम, सल्ट।
   (2) डॉ0 धर्मवीर सिंह,प्रवक्ता– रा0ई0का0 कोटाचामी, सल्ट।

2. गणित– (1) श्री महेश चन्द्र पाण्डे,प्रवक्ता–रा0ई0का0 रधूलीपीपल, ताड़ीखेत।
   (2) श्री नरेन्द्रपाल सिंह, प्रवक्ता– रा0ई0का0 चौराहवालबाग, हवालबाग।

3. अंग्रेजी– (1) श्री मोईद रजवी,प्रवक्ता– रा0ई0का0 जीनापानी, भिकियासैंण।
   (2) श्री धर्मपाल सिंह प्रवक्ता–रा0ई0का0 भीताकोटखाल, सल्ट।

उपरोक्त एम0टी0 के साथ डायट अल्मोड़ा से श्री एम0 एस0 भण्डारी, प्रवक्ता एवं डॉ बी0 सी0 पाण्डेय, प्रवक्ता समन्वयक के रुप में उपस्थित रहें।

दोनों चक्रों में प्रथम तीन दिवस जेनेरिक मॉड्यूल संचालित किये गये। जिसमें के0आर0पी0 के साथ–साथ डायट फैकल्टी का भी सहयोग लिया गया। चक्रवार छः दिवसीय प्रशिक्षण का समय विभाजन चक्र संलग्न है। इस प्रकार प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 180 प्रवक्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । माह फरवरी /मार्च 2024 में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा ,बोर्ड परीक्षा मूल्याकंन, चुनाव प्रशिक्षण व चुनाव ड्यूटी के चलते शेष प्रशिक्षण करवा पाना सम्भव नहीं हो पाया। उपरोक्त प्रशिक्षण के दोनों चक्रों के फोटो एवं विडियों संलग्न कर मेल किये जा रहे है। उक्त दो चरणों के उच्च माध्यमिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रवक्ताओं द्वारा विभिन्न जेनेरिक एवं विषयानुसार चयनित कठिन संबोधो पर आधारित माड्यूल /कैप्सूल भी तैयार किये गये। जिन्हें पहले समूह में तत्पश्चात व्यक्तिगत रुप से निर्मित करवाकर अभ्यास करवाया गया, एवं सदन के सम्मुख प्रस्तुतिकरण भी करवाया गया। जिनकी फोटो आपकी सेवा में प्रषित है।

उक्त छः दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में उदघाटन सत्र के उपरान्त सत्र प्री टेस्ट, टीचर प्रोफाइल, गूगल फार्म में भरवाया गया। ठीक इसी प्रकार प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस , अन्तिम सत्र में पोस्ट टैस्ट एवं फीडबैक भी प्रत्येक प्रवक्ता द्वारा गूगल फार्म पर भरवाया गया। तदुपरान्त प्रमाण पत्र वितरण के साथ ही प्रशिक्षण का समापन प्राचार्य डायट एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण के सापेक्ष प्राप्त बजट का उपभोग प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। प्रशिक्षण साहित्य (माड्यूल) के मुद्रण हेतु निर्धारित समय पर बजट का निर्धारित मद में आवंटन न हो पाने के कारण मुद्रण नहीं हो पाया। अतः महोदय की सेवा में आख्या सादर प्रेषित है।

21/06/24

प्राचार्य

डायट अल्मोड़ा

प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
अल्मोड़ा